प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 03.02.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका में आम नागरिकों की सुनी फरियाद, जनसमस्याओं के समाधान का दिया निर्देश, राज्य को आगे ले जाने की प्रतिबद्धता दोहरायी।
2. राज्य में नगर निकाय चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज, कई प्रत्याशियों ने भरे पर्चे, कल आखिरी दिन भी कई प्रमुख उम्मीदवार करेंगे नामांकन।
3. रांची के शौर्य ऑडिटोरियम में आज 25वें भारत रंग महोत्सव का हुआ शुभारंभ, 6 फरवरी तक चलेगा यह सांस्कृतिक महोत्सव।
4. राजधानी रांची समेत राज्य भर में 5 फरवरी से फिर हो सकता है मौसम में बदलाव, पारा गिरने से फिर बढ़ सकती है ठंड।
5. पंजाब के पटियाला में आयोजित 7वीं पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड की तीरंदाज तुलसी करोवा का शानदार प्रदर्शन, स्वर्ण और कांस्य पदक पर जमाया कब्जा।

***************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका स्थित अपने आवास पर आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने इसे गांव की सरकार बताते हुए लोगों से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने राज्य के विकास की प्रतिबद्धता दोहरायी।

***************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने धान खरीदारी को लेकर राज्य सरकार पर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उन्होंने कहा कि 60 लाख क्विंटल के लक्ष्य के विरुद्ध 3 फरवरी तक मात्र 19 लाख 80 हजार क्विंटल धान ही खरीदा गया है।

***************

रांची के रिम्स में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में 64वीं शासी परिषद की बैठक हुई, जिसमें मरीजों की सुविधाओं और अस्पताल के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के कारण लिये गये निर्णयों का क्रियान्वयन नगर निकाय चुनाव के बाद किया जायेगा।

***************

लोकसभा में अनुशासनहीन व्यवहार के कारण आठ विपक्षी सांसदों को बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया है। कांग्रेस के मणिकम टैगोर, अमरिंदर सिंह राजा, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले और किरण कुमार रेड्डी तथा सी.पी.आई.– एम के एस. वेंकटेशन इनमें शामिल हैं।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनाव रहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके अपनाने, सामन्जस्य स्थापित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने पर जोर दिया। श्री मोदी ने बताया कि इस वर्ष परीक्षार्थियों के साथ देवमोगरा, कोयंबटूर, रायपुर, गुवाहाटी और उनके अधिकारिक आवास, 7 लोक कल्याण मार्ग, दिल्ली में महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए।

***************

राज्य में नगर निकाय चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया अब अपने अंतिम चरण में है। प्रत्याशी कल तक अपने पर्चे दाखिल कर सकते हैं। आज विभिन्न निगम और निकाय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने अपने नामांकन दाखिल किये। रांची में मेयर पद के लिए आज झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खलखो ने अपना

नामांकन किया। वहीं, कल भाजपा समर्थित प्रत्याशी रोशनी खलखो अपना नामांकन भरेंगी। गिरिडीह में मेयर पद के लिए आज चार प्रत्याशियों भाजपा समर्थित डॉ शैलेंद्र चौधरी ,बनारसी दास, अनिल दास और फूल देवी ने अपने पर्चे दाखिल किए। उधर, गुमला नगर परिषद क्षेत्र के अध्यक्ष पद में भाजपा समर्थित शकुंतला उरांव, कांग्रेस समर्थित सीता देवी सहित अन्य राजनीतिक दलों द्वारा समर्थित कुल आठ महिला उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं वार्ड पार्षद के लिए 51 सदस्यों ने नामांकन भरा। गढ़वा जिले के तीनों निकायों में भी आज नामांकन के लिए भारी भीड़ उमड़ी। अध्यक्ष पद के लिए चार प्रमुख प्रत्याशियों भाजपा समर्थित कंचन जायसवाल, अलखनाथ पाण्डेय, विकास माली और दौलत सोनी ने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके अतिरिक्त, वार्ड सदस्य के लिए 43 अभ्यर्थियों ने पर्चे भरे।

****************

खूंटी सदर अस्पताल स्थित जन औषधि केंद्र पर नियमों के उल्लंघन का आरोप लगा है। जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अनुसार, यहां जेनेरिक के बजाय महंगी ब्रांडेड दवाएं बेची जा रही थी। अस्पताल उपाधीक्षक डाक्टर आनंद उरावं ने इसे गंभीर मामला बताया।

****************

खूंटी पुलिस ने मुरहू थाना क्षेत्र के कोडाकेल में छापेमारी कर दो युवकों को दो देशी कट्टा और जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ वरुण रजक ने बताया कि गुप्त सूचना पर हुई इस कार्रवाई में मुख्य आरोपी को भी दबोचा गया है।

****************

रांची के शौर्य ऑडिटोरियम में आज 25वें भारत रंग महोत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। पद्मश्री महावीर नायक की मौजूदगी में शुरू हुए इस महोत्सव के पहले दिन हम बिहार में चुनाव लड़ रहे हैं नाटक का मंचन किया गया। यह सांस्कृतिक उत्सव 6 फरवरी तक चलेगा।

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के निर्देश पर लोक भवन उद्यान 2 से 8 फरवरी तक आम जनता के लिए खुला है। दूसरे दिन 4 हजार 813 नागरिकों ने उद्यान का भ्रमण किया। भ्रमण का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक है, जिसमें प्रवेश केवल गेट संख्या 2 से दोपहर 1 बजे तक ही मान्य है।

****************

राज्य में ठंड कम होने लगी है और कई जिलों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो दिनों तक स्थिति स्थिर रहेगी, लेकिन 5 फरवरी के बाद पारा गिरने से ठंड फिर बढ़ सकती है। वर्तमान में कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है।

****************

पंजाब के पटियाला में आयोजित 7वीं पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम की तीरंदाज तुलसी करोवा ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 30 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और ओलंपिक राउंड 50 मीटर में दिल्ली को हराकर कांस्य पदक हासिल किया।

*****************